हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 16 मृतकों का राशन गबन; सेल्समैन पर न एफआईआर...



13 आंधी-बारिश से जिले में फसलें हुईं खराब...






## खबर संक्षेप



### 80 लीटर महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**फिंगेश्वर।** नया सवेरा अभियान के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावि कार्यवाही के लिए समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रें में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किए हुए थे। इसी कड़ी में दिनांक 28.04.2025 जरियें मुखबीर से थाना प्रभारी फिंगेश्वर को सूचना प्राप्त हुआ की ग्राम गनियारी महेश ध्रुव और निरंजन साहू दोनों संयुक्त रूप से चिंटू कमार के खेत के पास नहर नाली मेड़ में बिक्री के लिए हाथ भट्ठी से कच्ची महुआ शराब बनाकर लोगों को बेचकर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहे हैं। सूचना तस्दीक पर थाना से हमराह स्टाफ व गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिनके नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम महेश धुरव पिता स्व. बेदराम ध्रुव उम्र 35 साल, निरंजन साहू पिता रामलाल साहू उम्र 45 साल साकिनान गनियारी थाना फिंगेश्वर का रहने वाला बताया। दोनों व्यक्तियों का तलाशी लिया गया तलाशी पर दोनों के कब्जे से संयुक्त रूप से कुल 80 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 16,000 रूपये का होना पाया गया। आरोपियों से बरामद शराब को रखने व बेचने के संबंध में वैध कागजात लायसेंस की मांग करने पर कोई कागजात नहीं होना बताया। प्रकरण में दोनों आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना फिंगेश्वर पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही। अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही से अवैध कारोबारियों मे हड़कप मचा हुआ है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम अखराभांठा से बिरसिंगपाली जाने के मार्ग में फिरत चौहान के खेत के पास आरोपी गोविंदा तांडी पिता रघुलाल तांडी (27 साल) निवासी बिरसिंगपाली के कब्जे से 3 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमती 600 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### एक ही घर से दो मोबाइल चोरी

**महासमुंद।** नगर के वार्ड नं. 17 पुरानी बस्ती के एक घर से दो मोबाइल चोरी हो गई। कोतवाली पुलिस को हुकुम चंद्राकर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 17 अप्रैल की रात घर के सभी लोग 10 बजे खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने के लिये चले गए थे। प्रार्थी ने अपने दो नग स्क्रीन टच मोबाईल रेडमी 13सी कंपनी एवं रेडमी 9 प्राईम कंपनी को कमरे के अंदर खिड़की में रख दिया था। रात 1 बजे उठकर देखने पर उक्त दोनों मोबाइल कुल कीमत 12000 वहां पर नहीं थे। खोजबीन करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर 27 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### घर घुसकर महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सेवाती में घर में घुसकर महिला से मारपीट करने के मामले में तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सानिया बाई धृतलहरे पति स्व दिलीप धृतलहरे (35 वर्ष) निवासी ग्राम सेवाती के साथ 26 अप्रैल की रात 9 बजे गांव के धर्मेंद्र बंजारे ने घर घुसकर लकड़ी, हाथ मुक्के से मारपीट कर दी।

# छुरा स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही से हुई गर्भवती और नवजात की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। समय पर इलाज न मिलने से एक गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। मृतका की पहचान खैरझिटी गांव निवासी रामरतन ध्रुव की पत्नी ममता बाई ध्रुव (28 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 9 बजे ममता बाई को पेट में तेज दर्द उठा। परिजनों ने तत्काल 102 महतारी एक्सप्रेस को कॉल किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया, जो करीब एक घंटे की देरी से गांव पहुंची। इस दौरान महिला की हालत लगातार बिगड़ती रही। एंबुलेंस से ममता को छुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन परिजनों के मुताबिक अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। महिला दर्द से तड़पती रही और परिजन डॉक्टर की तलाश में इधर-उधर दौड़ते रहे। करीब आधे घंटे बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर निषाद अस्पताल पहुंचे और डिलीवरी रूम में इलाज शुरू किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इलाज के दौरान ममता बाई और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे दोनों की मौत हो गई।

#### प्रमुख मांगे

- अस्पताल प्रबंधन की जवाबदेही तय की जाए।
- 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा हो।
- दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो।
- स्वास्थ्य केंद्रों में आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए।

#### समय पर नहीं मिली एंबुलेंस, अस्पताल में नहीं था डॉक्टर

**ग्रामीणों में आक्रोश निष्पक्ष जांच की मांग**

घटना के बाद खैरझिटी गांव सहित आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश है। परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग ने घटना की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।




**महिला और नवजात की हो चुकी थी मौत**

ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर निषाद ने सफाई देते हुए कहा कि वे अस्पताल परिसर के ओपीडी कक्ष में मरीजों का इलाज कर रहे थे। जैसे ही सूचना मिली वे तुरंत डिलीवरी रूम पहुंचे। डॉक्टर के अनुसार जब तक वे पहुंचे तब तक महिला की धड़कन बंद हो चुकी थी और नवजात भी मृत था।

### विडंबना : 20 करोड़ की लागत वाली परियोजना में एक इंजीनियर, उसे भी फिंगेश्वर का अतिरिक्त प्रभार

# एक इंजीनियर के नियंत्रण में 9 कार्य परियोजना होने से गुणवत्ता पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 9 स्थानों पर विभिन्न कार्य चल रहे हैं जिसकी लागत लगभग 20 करोड़ रूपए है। इसको तकनीकी रूप से देखने के लिए यहां पर सिर्फ एक इंजीनियर है उसे भी फिंगेश्वर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जबकि यहां पर कम से कम 6 इंजीनियर की आवश्यकता है। इंजीनियर के समय पर नहीं होने की वजह से ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य करने की शिकायत लगातार आ रही है लेकिन उनके कार्यों को देखने वाला कोई नहीं है। विभाग अंतर्गत नहर लाइनिंग नया तालाब सहीत कार्य क्षेत्र में चल रहे हैं। यहां पर सिर्फ एक इंजीनियर 9 कार्य जो देख रहे हैं। इससे अंदाज लगाया जा सकता है इन कार्यों की क्या गुणवत्ता होगी और उसे किस दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां कम से कम 6 इंजीनियर की जरूरत जरूरत है उसकी जगह एक इंजीनियर काम देखें तो अंदाज लगाया जा सकता है कि कार्य किस दिशा में चल रहा होगा और ठेकेदार द्वारा अपने अपने हिसाब से कार्य किया जा रहा है क्योंकि लगातार शिकायत मिल रही है जिसका समय पर निराकरण भी नहीं हो पा रहा है और वह भी अपने और राजमिस्त्री के भरोसे कार्य करवा रहे हैं सिंचाई विभाग में एक इंजीनियर के अलावा 2 से 3 तृतीया और चतुर्थ कर्मचारी है। वह काम देखने जरूर जाते हैं लेकिन सबको पता है उनकी बात कौन सुनता होगा।







**इंजीनियर के साथ-साथ कर्मचारियों की देख-रेख में हो रहा काम**

इस संबंध में पुनीत सिरमौर एसडीओ सिंचाई विभाग में कहा कि कर्मचारियों की संख्या कम है। इंजीनियर के साथ-साथ तृतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी कार्यों की देखरेख करते हैं। खरखरा जलाशय शीर्ष एव मुख्य नहर शाखा नहरों का जीणोद्धार, नहर लाइनिंग प्रगति 70 , पथरी जलाशय शीर्ष कार्य, नहर सी सी लाइनिंग कार्य 100 प्रतिशत, कोठिगाव शीर्ष एव मुख्य नहर शाखा नहरों का जीणोद्धार, नहर लाइनिंग 62 प्रतिशत, बोइरगाव जलाशय शीर्षएव मुख्य नहर शाखा नहरों का स्पील चेनल जीणोद्धार, नहर लाइनिंग 60 प्रतिशत, रानी डोंगरी शीर्ष एव स्पील चेनल जीणोद्धार 70 प्रतिशत रानी डोंगरी, शीर्ष एवं मुख्य नहर शाखा नहरों का जीणोद्धार, नहर लाइनिंग 90 प्रतिशत, जुनवानी जलाशय शीर्ष एव मुख्य नहर शाखा नहरों का जीणोद्धार,नहर लाइनिंग 40 प्रतिशत, भरवा मुड़ा शीर्ष एव मुख्य नहर शाखा नहरों का जीणोद्धार, नहर लाइनिंग 60 प्रतिशत, छुरा नया तालाब शीर्ष एव मुख्य नहर शाखा नहरों का जीणोद्धार,नहर लाइनिंग 50 प्रतिशत हैं।



### प्राचीन पीपल का पेड़ टूटकर गिरा

**छुईहा बेलर।** ग्राम छुईहा के मध्य बजरंग बली चुबुतरा स्थित सैकड़ों साल पुराना पीपल का वृक्ष टूटा कर धराशाही हो गया। वहीं पेड़ का कुछ हिस्सा अब भी वहां खड़ा है जो कभी भी गिर सकता है। लोगों को वहां से गुजरते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है। वैसे गांव वालों ने खतरा जानकर इसे भी काटने व गिराने की योजना बनाई है। 26 अप्रैल संध्या के जिस समय पेड़ गिरा उस वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया कि किस्मत अच्छा रहा कि कोई यहां बैठा नहीं था। बुजुर्गों का कहना है कि प्राचीन समय से पीपल, बरगद जैसे देव वृक्षों के रखरखाव व संरक्षण एवं बैठक व्यवस्था के लिए पेड़ को चबुतरा निर्माण कर संरक्षित करने का रिवाज है।

## भालू के हमले से युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- रायपुर रेफर, इलाके में दहशत का माहौल

जिला मुख्यालय से लगे डोंगरीगांव पंचायत के दर्रापारा जंगल में शनिवार को तेंदूपत्ता तोड़ने गए राय सिंह कमार पर एक मादा भालू ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में राय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर, हाथ और पैरों में गहरी चोट लगने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। जानकारी के मुताबिक तेंदूपत्ता सीजन के चलते राय सिंह कमार जंगल में तेंदूपत्ता बांधने की रस्सी तोड़ने गए थे। इसी दौरान दो शावकों के साथ मौजूद मादा भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू की आक्रामकता के चलते राय सिंह को भागने का मौका भी नहीं मिला। हमले की आवाज सुनकर उनकी पत्नी और बच्चे मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर भालू को भगाया, जिससे उनकी जान बच सकी। ग्रामीणों ने घायल राय सिंह को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया।

**तेंदूपत्ता सीजन में बढ़ा खतरा-** गौरतलब है कि तेंदूपत्ता संग्रहण का समय ▶▶|शेष पेज 13 पर

## जिला पर्यटन समिति की बैठक में तौरेंगा जलाशय में नौकायन को दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में पर्यटन विकास में गति लाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन समिति गठित की गई है। यह समिति पर्यटन विकास की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर काम करेगी। इसकी प्रथम बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रिखीराम यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस दौरान विधायक श्री जनक ध्रुव ने कहा कि जिले के पर्यटन स्थलों को पर्यटकों की दृष्टि से साफ-सफाई एवं स्वच्छ बनाये रखने के लिए कार्ययोजना ▶▶|शेष पेज 13 पर




## चरौदा सरपंच को प्रभार दिलाने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत चरौदा के नवनियुक्त सरपंच को अभी तक प्रभार नहीं दिये जाने से नाराज सैकड़ो ग्रामीणों ने जनपद पंचायत पहुंचकर सरपंच को प्रभार दिलाने सतीष चन्द्रवंशी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा को ज्ञापन सौपा,, ग्रामीणों ने कहा की अगर एक सप्ताह के भीतर नवनियुक्त सरपंच को प्रभार नहीं दिया जाता तो फिर ग्रामीण बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी, ग्रामीणों का आरोप है की पूर्व सरपंच व सचिव द्वारा अपनी कार्यों पर पर्दा डालने जानबूझ कर प्रभार देने मे देरी कर रहे है इधर नवनियुक्त सरपंच को प्रभार नहीं मिलने के कारण ग्राम पंचायत का विकास कार्यो मे ब्रेक लग गया है। भीषण गर्मी के चलते पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है सरपंच को प्रभार नहीं मिलने के कारण सरपंच ग्रामवासियों को मुलभुत सुविधा मुहैया कराने मे असमर्थ है। ग्राम पंचायत चरौदा के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच व सचिव पर जमकर भ्रस्टाचार करने का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत छुरा के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौप सूक्ष्म जांच करने की मांग की है ग्रामीणों का आरोप है की पूर्व सरपंच और वर्तमान जनपद सदस्य लच्छन नेताम द्वारा अपने सरपंचीय कार्यकाल के कई निर्माण कार्य आज की स्थिति मे अपूर्ण लेकिन इन सभी निर्माण कार्य को पूर्ण बता कर राशि भी आहरण कर लिया गया है पूर्व सरपंच सचिव द्वारा मजदूरों का मजदूरी भुगतान, टेंट हाउस का किराया ग्राम पंचायत चरौदा के आश्रित ग्राम महुआपारा मे सीस रोड निर्माण, चरौदा हाई स्कुल मे सायकल ▶▶|शेष पेज 13 पर



### तेज हवाओं के झोंको से खेतों में खड़ी रबी फसल धान सो गई

# राजिम में मूसलाधार बारिश से तापमान में गिरावट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार को एक बार फिर मौसम बदल गया। तेज धूप और विकराल गर्मी 43 डिग्री तापमान के बीच शाम 4 बजे आकाश पे काले बादल छा गए। तेज हवाओं के झोंके चलने लगी और देखते ही देखते बारिशकाल की तरह मूसलाधार बारिश होने लगी। बारिश का असर राजिम से लेकर 20 किमी दूर पांडुका तक देखने को मिला।

इस बारिश से राजिम की सड़को पे जहां धार बहने लगी वहीं पांडुका में गली और सड़क किनारे पानी भर गया। सरकड़ा,कोपरा,सुरसाबांधा तक बारिश का असर रहा। तेज हवाओ के झोंको से खेतो में खड़ी रबी फसल की धान एक बड़े रकबे में सो गई। किसान भरे गर्मी में चार महिना बहुत ही कड़ी मेहनत कर रबी फसल लिए है और जब पकने व कटने की बारी आई है तो मौसम का मार अलग झेलना पड़ रहा है। किसान कभी वोल्टेज की समस्या से जुझते रहे तो कभी पानी की समस्या रही। इन समस्याओं के बीच सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश ने किसानो की मेहनत को फेरने का काम किया है।







**धान की फसल कटने को तैयार**

30 से 35 फीसदी खेतों में धान का रंग पीला हो गया है मतलब कटने को तैयार खड़ी है। कटाई भी कहीं-कहीं शुरू हो सकती है और यह सिलसिला 15 मई तक पूरी भी हो जाएगी। क्योंकि गर्मी और धूप बहुत कड़क है। धान की बालियां बहुत तेजी के साथ पक रही है। शादी-ब्याह का सीजन भी चल रहा है। शादी-ब्याह से निपटते ही किसान फसल कटाई में जुट जाएंगे। बहरहाल सोमवार को आंधी तूफान से खेतों में सो गई फसल को कितना नुकसान उठाना पड़ेगा यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। अचानक हुई बारिश से हालांकि दो से चार डिग्री तापमान कम जरूर हुआ है। मगर आज मंगलवार को उमस बढ़ने के आसार नजर आ रहे है।

## कृषि स्थाई समिति की बैठक में ली योजनाओं जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

उत्तरा अशोक पटेल कृषि सभापति की अध्यक्षता में खरखरा नर्सरी छुरा में कृषि स्थाई समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई।सभी सदस्यों एवम अधिकारियों का कृषि विभाग द्वारा स्वागत कर बैठक की शुरुआत की गई।

इस मौके पर भावेश कुमार शांडिल्य वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी छुरा कृषि विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि पकवाड़ा खरीफ धान बीज उत्पादन, एग्रीस्टेक किसान आईडी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड,जैविक खेती, कृषि सिंचाई, धान फसल के बदले अन्य फसल को बढ़ावा देने आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। बीके ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान शिविर 8 मई को

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा गरियाबंद के तत्वाधान में 8 मई को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन गरियाबंद में किया जाएगा। रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल, रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े एवं जिला संगठक रोमन लाल साहू द्वारा रेडक्रास के आजीवन संरक्षक एवं उप संरक्षक सदस्य व समस्त जिला शाखा रेडक्रॉस प्रभारी सदस्यों महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारीगणों जूनियर रेडक्रॉस के पदेन अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के.सारस्वत के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गई है ताकि आपका एक बूंद रक्त किसी के जीवन बचाने के काम आ सके। रेडक्रॉस का उद्देश्य मानव जीवन की सेवा है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान के साथ ही रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के निर्देशानुसार जिले के सभी महाविद्यालयों के यूथ रेडक्रॉस के कम से कम 10 वॉलेंटियर एवं समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी के माध्यम से कम से कम पांच वालेंटियरों की उपस्थिति आई.टी. एस.कॉलेज गरियाबंद जनपद पंचायत कार्यालय गरियाबंद के पीछे रेडक्रॉस के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता जिनकी थीम ''मानवता को जीवित रखना'' एकांकी, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन रेडक्रॉस के विषय से संबंधित लोकगीत, केवल बालिका के लिए रंगोली प्रतियोगिता के साथ रेड क्रॉस के उद्देश्य, सिद्धांत एवं यूथ एवं जूनियर रेडक्रॉस के कर्तव्य एवं प्राथमिक सहायता के लिए के लिए सी.पी.आर.पद्धति द्वारा लोगों की प्राथमिक चिकित्सा आदि के विषय में जानकारी दी जायेगी।

**लंबित : राशन घोटाले में लिप्त सेल्समैन पर कार्रवाई ठंडी, तीन साल से मामला लंबित**

# 16 मृतकों का राशन गबन; सेल्समैन पर न एफआईआर, न ही विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कसेकेरा एवं ग्राम पंचायत गोदलाबाहरा राशन दुकान में चौकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के सेल्समैन के द्वारा 16 मृत हितग्राहीओ का राशन डकारने वाले सेल्समैन के खिलाफ अभी तक एफआईआर एवं उचित कार्यवाही नहीं। सेल्समैन गिरधारी लाल यादव के द्वारा 16 मृत हितग्राहीओ का राशन दो वर्ष तक फर्जी फोटो फर्जी साईन कर आफ लाईन राशन निकाला जाता था। जिसका शिकायत फरवरी 2023 में लिखीत शिकायत विभागीय अधिकारियों को किया गया जिसका जांच भी हुआ लेकिन अभी तक दोशी सेल्समैन उपर कोई कार्रवाई नहीं।

ग्राम पंचायत कसेकेरा अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कसेकेरा अंतर्गत कार्यरत सेल्समेन गिरधारी लाल यादव के द्वारा अपने कार्य के प्रति घोर लापरवाही के संबंध में जांच आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा, जिला गरियाबंद के अनुसार जांच प्रतिवेदन में पूर्णतः कार्यरत सेल्समेन पूर्णतः दोषी पाया गया जिस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही की नितांत आवश्यकता है।



### शिकायत के बाद जांच में सेल्समैन पाया गया दोषी

जिसकी जांच प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय उचित मूल्य दुकान कसेकेरा से हटा कर तात्कालीन गोदलाबाहरा कार्यरत सेल्समेन गिरधारी लाल यादव के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सूक्ष्मता से जांच व रिपोर्ट दर्ज कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग कर रहे हैं। शिकायत कर्ता ग्राम के दिनेश कोटवार, घनश्याम सोलंकी, रामानंद ध्रुव,किशुन निषाद, सुरेश दीवान, जीतेन्द्र पटेल, गजानंद ध्रुव,डीगेश साहू, कृपाराम दीवान एवं रमेश दीवान ने सुशासन तिहार में जांच के लिए आवेदन लगाया गया था लेकिन अभी तक को कार्यवाही न एफआईआर नहीं हुआ है। जबकि सेल्समैन के द्वारा 16 मृत हितग्राहीओं का राशन डकारने कि शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर लिखित शिकायत किया गया एवं शिकायत के बाद जांच भी हुआ जिसमें सेल्समैन गिरधारी लाल यादव दोषी पाया गया। आगे कुछ कार्यवाही के लिए शिकायत कर्ता डिगेश साहू ने बताते हैं कि सेल्समैन हम गांव में धमकीं देता है। अगर हम उसकी ओर देखा भी ले तो गाली गलौज करता रास्ते में चलता है हमने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की थी लेकिन संभवतः पैसा के प्रभाव के चलते अफसर उस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।अब परेशान होकर ग्राम के शिकायत कर्ता द्वारा सुशासन तिहार के दौरान कलेक्टर कार्यालय में आवेदन लगाया गया है।वे चाहते हैं कि सेल्समैन के उपर उचित जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग की ताकि सुशासन तिहार का उद्देश्य वास्तविकता में बदले।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को दिए निर्देश, पंजी प्रविष्टियों की जांच में शुद्धता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सोमवार को शालिनी रैना, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भारतीय वन सेवा) प्रभारी, रायपुर वन मंडल तथा श्री लक्ष्मण सिंह, प्रबंध संचालक, जिला संघ गरियाबंद द्वारा धुर्वागुड़ी समिति के अंतर्गत फरसरा फड़ में तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तेंदूपत्ता संग्राहकों से प्रत्यक्ष बातचीत कर कार्य की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान संग्राहकों से प्रति सैकड़ा दर की जानकारी ली गई तथा उन्हें न्यूनतम 500 गड्डी पत्ता तोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। संग्राहक पंजी में दर्ज प्रविष्टियों की जांच की गई और उसकी शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही फड़ में संग्राहकों के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल सुविधा उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए गए, जिससे संग्राहकों को कार्य के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा पूर्व वर्षों में तेंदूपत्ता तोड़ाई से संग्राहकों को प्राप्त राशि के बारे में भी चर्चा की गई तथा संग्राहकों से उनके अनुभव साझा करने को कहा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा है कि संग्राहकों को उनके श्रम का



उचित मूल्य समय पर मिले तथा कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित हो। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अतुल श्रीवास्तव, उप प्रबंध संचालक, जिला संघ गरियाबंद, राजेंद्र सोरी, उपवन मंडलाधिकारी देवभोग, संदीप सिंह राजपूत, वरिष्ठ कार्यपालन अधिकारी, समस्त उप वन मंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, बीट प्रभारी, समिति प्रबंधक, फड़ मुंशी तथा बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहक शामिल रहे।

**नियमों का पालन कर कार्य पूर्ण करें-** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फड़ में कार्यरत संग्राहकों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे गुणवत्ता के साथ अधिकतम पत्ते तोड़ें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए कार्य संपन्न करें।

### कौंदकेरा में अक्ति पर अनोखा आयोजन राम-सीता विवाह कार्ड ने खींचा ध्यान

**राजिम।** छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी करने की वर्षो पुरानी परंपरा चली आ रही है। इसे लोग अक्ति के नाम से जानते है। प्रदेश में लोग अक्ति पर्व की तैयारियां



कई दिनों पहले से शुरू कर देते है और गुड्डा-गुड़ियां का विवाह रचाकर खुशियाँ मनाते हैं। इसी परिपाटी को देखते हुए राजिम क्षेत्र के ग्राम कौंदकेरा के बच्चों ने कुछ अनोखा कार्यक्रम रखा है। बाकायदा भगवान श्री राम और माता सीता के नाम पर विवाह का निमंत्रण कार्ड छपवाया और गांवो में बंटवाया भी है। कार्ड में श्रीराम के निवास अयोध्या बताया गया है जबकि माता सीता का निवास जनकपुरी। विनीत और दर्शनाभिलाषी में बच्चो ने अपना नाम तुलसी, महेश्वरी, अंजली,सीता,निलीमा, रोहणी,



क्षमा,हर्षा , राशि,ममता यामिनी, सोनक,भूमिका, लेखनी, दामिनी लिखा है। ये कार्ड लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है। जानकारी के मुताबिक बच्चो ने शादी का ये कार्ड जब राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू को भिजवाए तो वे भी इससे काफी प्रभावित हुए और बच्चों की खुशियों में शामिल होने का वायदा किया है। विधायक रोहित साहू बच्चो के इस खुशियों में शामिल होंगे।







संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127

**खबर संक्षेप**

## साय सरकार ने 13 सेवाओं को अब पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के दायरे में लाया: किशोर



नवापारा-राजिम। शासकीय कामकाज में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। भाजपा नेताकिशोर देवांगन ने बताया कि राज्य के प्रमुख विभागों की 13 सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाया गया है, ताकि नागरिकों और व्यवसायियों को समय पर सेवाएं मिलें। इन विभागों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीईसीबी, वाणिज्य और उद्योग, विधिक माप विज्ञान, नगर तथा ग्राम निवेश और जल संसाधन विभाग शामिल हैं। सरकार के इस शानदार कदम से मंजूरी और अनुमति की प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी होगी, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। श्री देवांगन ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत, इन 13 सेवाओं के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य होगा। यदि कोई विभाग समय पर सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

**मौसम :** धान की रबी फसल पककर कटाई के लिए तैयार

# आंधी-बारिश से जिले में फसलें हुईं खराब, किसान परेशान, गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद


जिले में सोमवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई। राजिम क्षेत्र के कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को जहां इस बारिश से बड़ी राहत मिली, वहीं किसानों के लिए यह आफत बनकर आई। बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही। किसानों की मानें तो इस समय धान की रबी फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी। अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि ने तैयार फसल को खेतों में ही बर्बाद कर दिया। खेतों में पानी भरने से फसलें गिर गईं और भारी नुकसान की स्थिति बन गई है। किसान रामलाल, तारक, गोपीराम यादव और सेवक निषाद ने बताया कि उनकी पूरी धान की फसल पककर तैयार थी, लेकिन तेज बारिश और ओलावृष्टि के कारण खेतों में पानी भर गया और फसलें गिरकर सड़ने लगी हैं। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।





### मैनपुर में फिर बदला मौसम, आंधी तूफान और ओलावृष्टि से नुकसान

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में आज सोमवार को फिर एक बार दोपहर के बाद मौसम का मिजाज बदला और जमकर आंधी तुफान के साथ तेज हवा चलने लगी और ओला वृष्टि के साथ बारिश हुई समाचार लिखे जाने तक बिजली के गरज और चमक के साथ क्षेत्र के कई ग्रामों में ओला वृष्टि और बारिश हो रही है और बिजली व्यवस्था बंद हो गई है। मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट झरियाबाहरा के आसपास ओला वृष्टी हुई है वही नेशनल हाईवे मार्ग सहित गांव में पहुंचने वाले मार्गो में जगह–जगह पेड़ व बड़े बड़े डगाले टूट कर गिर गए है जिससे आवगमन बाधित हो रहा है। तेज धुप के बाद हुई बारिश से लोगो को गर्मी से राहत मिली है लेकिन बिजली की लचर व्यवस्था से लोग परेशान हो गए है मैनपुर नगर में देर शाम झमाझम बारिश हुई।







# राजिम में निकली जनआक्रोश रैली, हजारों लोग हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जम्मु कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में राजिम व्यापारी संघ एवं नगरवासियों द्वारा सोमवार की शाम जबर्दस्त जनआक्रोश रैली निकाली गई जिसमें हजारो की संख्या में शहर के लोग शामिल हुए। रैली में शामिल लोगो ने आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर भड़ास निकाली। यह रैली पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से ,बस स्टैंड ,महामाया चौक,श्री राजीव लोचन मंदिर, सुभाष चौक, पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक होते हुए पुनः पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पहुंची जहां आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के प्रति दीपक जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रैली में शामिल सभी लोगों ने एक स्वर में आतंकवाद का विरोध किया। ये अपने हाथों में तख्तियां लेकर घटना पर बड़ा एक्शन लेने तथा आतंकवादियों समेत पाकिस्तान का समूल नाश करने के नारे लगाए। रैली में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, डॉ. रामकुमार साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, तुषार कदम, राजेश सोनकर, टंकु सोनकर, ताराचंद मेघवानी, प्रवीण पुष्पाकर, संजीव साहू, मनीराम साहू, सोमनाथ पटेल, व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय साहू, पवन गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, विक्रम मेघवानी, पदमा दुबे, सुनील देवांगन, उमेश यादव, भूपेंद्र साहू, यानेंद्र सिन्हा, लिकेश्वर साहू, विक्रम मेघवानी, कुलेश्वर साहू, राकेश मांडरे, जुगु ठाकुर, यशवंत निराला, रामकुमार साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, हरीश साहू सहित हजारों की संख्या में शहरवासी शामिल थे।

## पहलगाम के आतंकी घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नागरिक विकास संघर्श समिति के तत्वाधान मे रानी श्यामकुमारी चौक फिंगेश्वर में कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादी घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए मृत लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं पर उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाएं। श्रद्धांजलि कार्यकम में भारत माता के सामने दीप प्रज्वलित कर आंतकी घटना से मौत होने वाले लोगों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी घटना से देश के 27 लोगो की मौत ने हम सभी को झकझोर के रख दिया है। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, संतोषी श्रीवास्तव, पदमा यदु, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, अशोक साहू, किरणेश सोनी,शिवकु मार सिंह ठाकुर महावीर यादव, हरिशंकर श्रीवास्तव, पत्रकार जितेन्द्र शर्मा, ईमरान खान, सलीम खान, योगेश ठाकुर, दीपक पोद्दार, अशोक सिन्हा, कमलेश कश्यप आदि गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष...

### भालू के हमले...

ग्रामीण इलाकों में आजीविका का प्रमुख साधन होता है, लेकिन इसी दौरान जंगलों में वन्यजीवों और इंसानों के बीच संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। दर्रापारा जंगल में हुई यह घटना इस बात का उदाहरण है कि तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान भालुओं से खतरा बना रहता है। मादा भालू अपने शावकों की सुरक्षा के लिए बेहद आक्रामक हो जाती है, जिससे इस तरह के हमले अप्रत्याशित रूप से हो जाते हैं। **वन विभाग ने की सतर्कता की अपील-** घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। विभाग ने ग्रामीणों से जंगल में सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान विशेष सावधानी रखने के निर्देश भी दिए हैं।

### जिला पर्यटन समिति...

बनाई जाए तथा ग्राम समिति गठित कर उस क्षेत्र में साफ-सफाई के लिए वन विभाग के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र में कार्य कराया जाए। जिससे कि पर्यटक अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों में आ सके। साथ ही पर्यटकों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए सुगम रास्ता बनाया जाए। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने कहा कि जिले में पर्यटन को लेकर काफी विकास की संभावनाएं है। इसे जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहयोग से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जायेगा। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. बर्मन ने अवगत करया कि जल संसाधन विभाग द्वारा तौरेंगा जलाशय में बोटिंग संचालन के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। इस पर विकास पर्यटन विकास समिति द्वारा बोटिंग संचालन के लिए सहमति जताई गई। बैठक में अपर कलेक्टर नवीन भगत, राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडराजी सहित पर्यटन विकास समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

### चरौदा सरपंच को ...

स्टैंड के नाम से पैसा निकाल कर कर कागजो मे ही कार्य पूर्ण दिखा दिया गया है इस तरह पूर्व सरपंच सचिव द्वारा पांच वर्ष के कार्यकाल मे शासन की राशि का जमकर घोटाला किया गया है जिसकी जांच की मांग ग्रामीणों के द्वारा किया गया है। इस संबंध मे मुख्यकार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी ने कहा की ग्राम पंचायत चरौदा के पंच सरपंच व ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच सचिव द्वारा सरपंच को प्रभार नहीं दिए जाने की शिकायत किया है। मेरे द्वारा पूर्व सचिव को तत्काल एक तरफा प्रभार देने कहा गया है साथ अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण बता कर राशि आहरण करने के मामले जांच टीम से करा कर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही साथ सभी पंचायत में एक हफ्ते के अंदर नए सरपंचों के साथ बैंकों में स्पेसिमेन बदलकर अन्य कार्यो के संपादन के भी निर्देश दिए गए हैं।

### कृषि स्थाई समिति...

साहू पशु चिकित्सक द्वारा पशुधन विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दिया गया है। सुनील कुमार साहू उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया गया है बैठक में कृषि सभापति द्वारा सभी अधिकारी को संबोधित कर विभागीय योजनाओं जानकारी ली गई। बैठक में मुंगेश्वरी ठाकुर, संतोषी ध्रुव, नारायण सिन्हा, महेंद्र कुमार ध्रुव कृषि स्थाई समिति सदस्य एवं पुष्पलता ध्रुव, रोमन लाल ठाकुर कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

**शोक संदेश**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:, न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूत:
न जायते म्रियते वा कदाचन, नायं भूत्वा भविता वा न भूय:, अजो नित्य: शाश्वतोयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे

जन्म
02 अक्टूबर 1949



निर्वाण
20 अप्रैल 2025

**स्व. खोवालाल शर्मा**
एमए संस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक, पाण्डुका

जीवन के कठिन दौर के नियमित संघर्ष से वैभव, प्रतिष्ठा के चरम शीर्ष तक आपकी जीवन गाथा ऐसी ही अन्य कहानियों की तरह होते हुए भी इन बातों में भिन्न है कि शिखर पर भी आपके पैर जमीन पर सशक्त जमे हुए थे। दंभ आपसे कोसो दूर था और नैसर्गिक सहजता बरकरार थी। आपकी भावनाएं, आपका अविरल स्नेह, परिवार के प्रति निश्छल समर्पण और आपका वरदहस्त हमेशा हमारे वजूद का हिस्सा बने रहेंगे। शर्मा परिवार के प्रवाह में ठहराव आया है पर हम सब मिलकर उसे पुन: रवानगी देंगे। आप जैसे संपूर्ण व्यक्तित्व का मिलना दुर्लभ है। विधि के विधान के आगे हम नतमस्तक है। अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी खोवालाल शर्मा का निधन दिनांक 20/04/2025 दिन रविवार को हो गया है। अतएव आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

**कार्यक्रम**
दशगात्र- 29/04/2025 दिन मंगलवार (दशगात्र का संपूर्ण कार्यक्रम प्रयागराज इलाहाबाद में संपन्न होगा)
तेरहवीं एवं शांतिभोज- 02/05/2025 दिन शुक्रवार, सुबह 10:30 से प्रारंभ
कार्यक्रम स्थल- शर्मा निवास बस स्टैण्ड से आगे पाण्डुका, जिला गरियाबंद छ.ग.

**शोकाकुल परिवार**

राधा-मुरली मनोहर शर्मा (भाई)
उषा-रामकिशोर शर्मा (भाई)
लीना-सुरेश शर्मा (भाई)
स्निग्धा-नरेश शर्मा (भाई)
भावना-रामखिलावन शर्मा (भाई)
शैल-अखिलेश शर्मा (भतीजा)
झरना-मुकेश शर्मा (भतीजा)
माधवी-दुष्यंत शर्मा (बेटा)
सेजल-उत्कर्ष शर्मा (भतीजा)
काजल-जवाहर शर्मा (भतीजा)
अपर्णा-दीपक शर्मा (बेटा)

मनोरमा-टीआर शर्मा (बहन-दामाद) रायपुर
बीना दुबे, गिरिजा शर्मा (बहन) रायपुर
चंद्रलेखा-विजय मिश्रा (बहन-दामाद) कसडोल
योगिता-कन्हैया मिश्रा (बेटी-दामाद) छुरा
इंद्राणी-सुरेन्द्र दुबे (बेटी-दामाद) महासमुंद
नीलिमा-राजेन्द्र त्रिपाठी (भतीजी-दामाद) रायपुर
मुक्ता जोशी (बेटी) भिलाई
चेतना-किशोर तिवारी (बेटी-दामाद) धमधा
डिम्पल-जगदीश तिवारी (बेटी-दामाद) नरहरपुर
समीक्षा शर्मा-मनीष शर्मा(भांजी-दामाद),
डॉली-डॉ दिनेश तिवारी (भतीजी-दामाद) राजनांदगांव
दीपमाला-पारस तिवारी (बेटी-दामाद) जुनवानी-पलारी
रिया-राजीव मिश्रा (भतीजी-दामाद) धमतरी

खुशबू-अनिल शुक्ला (भतीजी-दामाद) रायपुर
रश्मि-कृष्णारंजन दीवान (बेटी-दामाद) सांकरा-नगरी
चंचल-भावेश शर्मा (भतीजी-दामाद) धरसींवा
योषिता-राहुल शर्मा (भतीजी-दामाद) बिलासपुर
प्रिया-नवल तिवारी (भतीजी-दामाद) परपोड़ी-बेमेतरा
छाया-अनमोल तिवारी (भतीजी-दामाद) रायपुर
प्रतिक्षा-महेन्द्र शर्मा (भांजी-दामाद) रायपुर
प्रेरणा-प्रेम शर्मा (भांजी-दामाद) खरोरा
पंकज मिश्रा, लक्ष्मण मिश्रा, योगेश शर्मा, कुलदीप मिश्रा (भांजा)
स्वर्णिम शर्मा (भतीजा), आर्या शर्मा (भतीजी), गुलशन शर्मा (भतीजा), अनिमेष शर्मा, काजल शर्मा, हेमा शर्मा, अथर्व शर्मा, मिष्टी शर्मा, आद्विक, विवान शर्मा, श्रेयांश, पौरूष, आदिश्री एवं समस्त शर्मा परिवार पाण्डुका, जिला गरियाबंद छग

निर्मला उपाध्याय, अजय उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, संजू उपाध्याय, तीरथ उपाध्याय, सौरभ उपाध्याय (मामा परिवार-गरियाबंद)

**विनीत**
श्रीमती कमला देवी शर्मा (पत्नी)
दुष्यंत शर्मा (पुत्र)
दीपक शर्मा (पुत्र)
कुमुदनी-श्यामकिशोर शर्मा (छोटा भाई)
अधिमान्य पत्रकार
ब्यूरोचीफ हरिभूमि राजिम, जिला-गरियाबंद
अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ
जिला-गरियाबंद,
मो नं 79871-24123

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो तो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

**खबर संक्षेप**



### रात भर बिजली रही बंद ग्रामीणों को हुई परेशानी

**कोपरा।** गर्मी से पारा जैसे-जैसे तेज होते जा रहा है वैसे-वैसे रात में बिजली विभाग ग्रामीणों को गिफ्ट के रूप में अंधेरा दे रहा है। बिजली विभाग की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि रात में पूरी तरह लाइट को बंद कर दे रहे है और ग्रामीणों को रतजगा जैसी स्थिति से गुजरना पढ़ रहा है। दरअसल रवेली सब स्टेशन से मिलने वाली विद्युत अब पूरी तरह मनमानी की भेंट चढ़ती जा रही है लोहरसी और रवेली में रात होते ही बिजली को बंद कर दिया जा रहा है लिहाजा लोगों को रात भर जागना पड़ रहा है मच्छर काट रहे हैं हल्की सी हवा और तूफान आए तो एक बहाना मिल जाता है और तुरंत लाइट बंद क़र दे रहे है जब उनके अधिकारी को फोन करते हैं तो इनका जवाब आता है कि यहां पर यह फीडिंग चल रहा है यहां पर यह काम चल रहा है तो क्या दिन में समय नहीं मिलता रात को ही काम किया जाता है दिन को तो ग्रामीण जैसे तैसे काट लेते हैं लेकिन रात में बिजली विभाग की मनमानी लोगों की चैन काट रही है। घंटो घंटो तक लाइट बंद होने से छोटे बच्चे व बड़े बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसी की तबीयत खराब है तो किसी की और कोई समस्या और रात में लाइट का न होना सर दर्द बना हुआ है। पास के गांव में रोजाना बिजली जलती रहती है किंतु लोहरसी और रवेली गांव है जहां खुद सब स्टेशन लगा हुआ है वहां लाइन के लिए तरसना पड रहा है। सरकार बड़े-बड़े दावे करते हैं कि हर घर बिजली पहुंच रही है किंतु वह खोखले साबित होते दिखाई पड़ रही है।

### 5वीं में हेमा शर्मा 90% अंक के साथ उत्तीर्ण

**राजिम।** सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डुका के कक्षा 5वीं की छात्रा कु. हेमा शर्मा ने 90% प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर ग्राम पाण्डुका एवं परिवार का नाम रौशन की है। मालूम हो कि हेमा शर्मा पाण्डुका के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार के काजल-जवाहर शर्मा की पुत्री है। छात्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा-दादी तथा माता-पिता एवं स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश शर्मा व समस्त शिक्षकों को दी है। छात्रा को विरेन्द्र साहू, मदन निषाद,स्वर्णिम शर्मा, गौतम शर्मा, डिगेंद्र साव, पिंटू यादव सहित परिवार के लोगो ने शुभकामनाएं दी।



### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा जिले के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। 30 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड, अटल विहार कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर मचेवा में आयोजित होगा।

**समस्या : बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार का पुतला फूंका, निकाली रैली**

# 15 दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो करेंगे चक्काजाम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या बढ़ती जा रही है विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीन रवैये के चलते इस विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है जिसके कारण सोमवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा दुर्गामंच में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर दोपहर 03 बजे तेज धुप में बिजली कार्यालय का घेराव करने विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व में जंगी रैली निकाली। कांग्रेस कार्यकर्ता व क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों ने रैली में शामिल होकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नेशनल हाईवे बस स्टैण्ड थाना के सामने से होते हुए जिड़ार रोड बिजली कार्यालय पहुंची और बिजली कार्यालय का घेराव कर दिया इस दौरान बिजली कार्यालय के सुरक्षा में तैनात भारी संख्या में पुलिस बल द्वारा बिजली कार्यालय को चारो तरफ से घेरा लगाया गया था और कार्यालय में ताला जड़ दिया गया था जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ता अधिकारियों से चर्चा करने को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए बिजली कार्यालय के गेट में चढ़ गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच भारी धक्का मुक्की हुई नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय के सामने राज्य सरकार की असफलता को लेकर पुतला जलाया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। पुलिस द्वारा पुतले को बुझाने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झुमाझटकी की नौबत आ गई आक्रोशित कांग्रेसी व क्षेत्र के लोगो ने जमकर नारेबाजी किया और कड़े चेतावनी दिया कि 15 दिनों के भीतर बिजली समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अब मैनपुर नगर में चक्काजाम मैनपुर बंद कर उग्र आन्दोलन किया जायेगा जिसकी सारी जवाबदारी बिजली विभाग के अफसरो की होगी।




### पुलिस जवान रहे तैनात

मैनपुर में कांग्रेस के आन्दोलन के चलते बड़ी संख्या में पुलिस के बल तैनात किए गए थे मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा स्वयं मोर्चा सम्भाले हुए थे और यह आन्दोलन शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ। महत्वपूर्ण बात यह है कि मैनपुर में बिजली के लचर व्यवस्था के चलते आन्दोलन के महज एक घंटे बाद से जो मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में बिजली बंद हुई वह अभी समाचार लिखे जाने तक बंद है और कब बहल होगा यह बताने वाला कोई नही है। आन्दोलन के बाद बिजली व्यवस्था में सुधार होता है यां फिर बड़े आन्दोलन की इंतिजार विभाग द्वारा किया जा रहा है यह एक बड़ा प्रश्न है।

### बिजली कटौती लो वोल्टेज के चलते परेशान बढ़ी

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य को सरप्लस बिजली वाला राज्य कहा जाता है हमारे प्रदेश दूसरे राज्यों को बिजली दे रही है लेकिन गरियाबंद जिले के मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर, देवभोग क्षेत्र की लाखों जनता बिजली कटौती लो वोल्टेज के चलते परेशान हो गए है जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है बिजली व्यवस्था चरमारा गई है और आदिवासी क्षेत्र की जनता को जानबुझ कर परेशान किया जा रहा है। विधायक श्री ध्रुव ने कहा की बिजली विभाग के अफसर जानबुझ क्षेत्र की जनता को परेशान न करें उन्होने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा की 15 दिनों के भीतर यदि बिजली समस्या का क्षेत्र में समाधान नहीं हुआ तो उग्र आन्दोलन होगा अब चक्काजाम मैनपुर बंद करने बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



### दर्जनों ग्रामों में आज तक नहीं पहुंची बिजली की रोशनी

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में आज तक बिजली की रौशनी नहीं पहुंची है। ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गैंदुयादव ने कहा की विष्णुदेव सरकार में साय साय बिजली बंद हो रही और बिजली बिल भी आए बाय आ रही है जनता त्रस्त है। सरपंच संघ गरियाबंद के पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर ने कहा की प्रतिदिन घंटो बिजली कटौती, लो वोल्टेज को देखकर ऐसा महसूस होता है कि बिजली विभाग के कुछ अफसर राज्य सरकार को बदनाम करने में जुटी है। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गैंदुयादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, शाहीद मेमन, वरिष्ठ आदिवासी नेता टीकम कपील, तनवीर राजपूत, सामन्त शर्मा, भुनेश्वर नेगी, पारेश्वर नेगी, बलदेव राज ठाकुर, खेलन साहू, नेहाल नेताम, रोहन मरकाम, दयाराम यादव, थानुराम पटेल, लिकेश यादव, राजेन्द्र तिवारी, कृष्णा मरकाम, नन्दु पटेल, दिलेश्वर ध्रुवा, धन्सू दीवान, देवन दीवन, यशकुमार, टीकेन्द्र नेताम, लोकेश साडे, नजीब बेग, हरिश्वर पटेल, शांतुराम यादव, तीवकुमार सोनी, आलीम अंसारी, राम सिह नागेश, भानु सिन्हा, जगबन्धु सिन्हा, सुकदेव यादव, नरायाण सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# पर्यावरण संतुलन के लिए हर व्यक्ति को लगाना चाहिए एक पेड़ : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर साहू संघ फिंगेश्वर एवं ग्रामीण साहू समाज लालपुर,फिंगेश्वर,दर्रीपार, गदहीडीह के तत्वाधान में नगर साहू समाज भवन में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के संत माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने किया।

- सामज के लिए सर्वसुविधा युक्त भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की मांग की

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि अगर अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना है तो प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। आज गर्मी साल दर साल बढ़ती जा रही है, अगर समय रहते अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो आने वाले दिनों में विकट समस्या आने वाली है।रबी फसल में अधिकतर किसान धान की खेती करते है,जिसकी खेती के लिए पानी की आवश्यकता अधिक होती है।धान की खेती के लिए धरती माँ के सीने में छलनी कर करके पानी को निकाल रहे है। भूमिगत पानी पीने के पानी का सर्वोत्तम साधन है।इसे हम अंधाधुन उपयोग करेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हम पीने के पानी के लिए तरसते हुए नजर आएंगे।गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर ब्लॉक जल स्तर के मामले में अति संवेदनसील की श्रेणी में है जो चिंतनीय विषय है।श्री साहू ने घोषणा किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 1 से 2 एकड़ सरकारी भूमि को चिन्हित कर वृक्षारोपन का सघन कार्यक्रम करवाने के लिए कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईवो को निर्देशित किया गया है।



### एक होकर देश के विकास में योगदान दें

कार्यक्रम के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि हम साहू, पटेल, निषाद, सतनामी तो है लेकिन इससे पहले सभी हिन्दू है। जाती केवल हमारे पूर्वजों द्वारा रोटी बेटी की व्यवस्था के लिए बनाया गया व्यवस्था है। हम सभी को एक होकर देश के विकाश में योगदान देना है और बेटी के विवाह में एक पेड़ जरूर लगावे इस बात की अपील की। स्वागत उद्बोधन नगर साहू समाज के अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने किया। इसके साथ ही सामाजिक भवन निर्माण के लिए ग्रामीण साहू समाज फिंगेश्वर एवं नगर साहू समाज फिंगेश्वर के लिए 25 लाख रुपए का सर्वसुविधा युक्त भवन का मांग रखा जिसे विधायक ने अपनी सहृदयता दिखाते हुए समाज की मांग को पूरा करने की घोषणा भी किया। इसका सभी समाज जनों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में सभी सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रमुख रूप से डॉ रामकुमार साहू, डॉ महेंद्र साहू, रामू राम साहू, राजू साहू, जितेंद्र साहू, मंथिर साहू, टिकेश साहू, डॉ. दिलीप साहू, जनपद सभापति, धनराज सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर, जगदीश यद्धु, पार्षद, भुवन साहू, हीरामन साहू, टिकेश साहू सहित सभी सामाजिक जन उपस्थिति थे।

# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम से शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य की एक महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जो शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा है।इसी तारतम्य में संकुल केन्द्र बिजली के सभी प्राथमिक शाला में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला बारूला का अवलोकन करते हुए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम है।

यह कार्यक्रम बच्चों को स्कूल में जाने के लिए तैयार करते हुए उन्हें बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ बच्चों को पढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों को घर पर ही शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हुए शिक्षा के स्तर में सुधार करने में मदद करता है। प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव ने कहा कि अंगना म शिक्षा गुणवत्ता लाने का छत्तीसगढ़ शासन का बहुत ही सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहत नई शिक्षा नीति के अनुरूप बुनियादी स्तर पर बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दिया जाता है। संकुल समन्वयक भुवन यदु ने बताया कि अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा में माता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने माताओ का उन्मुखीकरण करण हेतु मेला का आयोजन किया गया। वहीं शाला में विभिन्न काउंटरों में अलग-अलग गतिविधि कराया गया जैसे नामांकन व संकलन, शारीरिक व क्रियात्मक विकास, पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास, भाषा विकास चित्र वाचन व अक्षर, शब्द पढ़ना गणित के अंक, संख्या पहचान व जोड़ घटाव करना साथ -साथ स्मार्ट माता के रूप में नर्मदा निर्मलकर का सम्मान किया गया। तत्पश्चात शाला विकास समिति के सदस्यों एवं पालको की उपस्थिति में पहली से चौथीं कक्षा की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता,शिक्षाविद सदस्य जितेंद्र साहू,दर्शन साहू, सरपंच सुखदेव राम साहू,स्मार्ट माता नर्मदा निर्मलकर, अनुसुइया साहू, केसर साहू, रुखमणी साहू, सीता साहू, दुर्गा, राधिका, कामिनी साहू, शिक्षक दिनेश साहू, मोती ध्रुव, हीरामन लाल साहू, रितु ध्रुव, कमलकांत सेन एवं पालकगण उपस्थित थे।





# देवांगन समाज है मेहनतकश और समर्पित : इंद्रकुमार





### देवांगन समाज के भवन के लिए विधायक ने 20 लाख रुपए देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-रिजम

नवापारा राज देवांगन समाज का 39वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को ग्राम मंदलौर में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य चित्रलेखा-दीपक तारक ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मंदलोर के सरपंच पूनम-निलेश वर्मा मौजूद थी। यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी राजू देवांगन ने बताया कि सम्मेलन के प्रथम चरण में सर्वप्रथम नवापारा राज के 20 गांव के प्रत्येक परिवार द्वारा मतदान के माध्यम से राज देवांगन समाज के पदाधिकारी का निर्वाचन संपन्न हुआ। उसके पश्चात निर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण एवं सचिव का प्रतिवेदन पढ़ा गया। श्री देवांगन ने बताया कि नवापारा राज देवांगन समाज की मांग पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने ग्राम मदलोर में राज देवांगन समाज के भवन के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक श्री साहू के इस घोषणा पर देवांगन समाज ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष अर्जुन देवांगन ,सचिन मोहन देवांगन, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश देवांगन ,सह सचिव भरत देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक इंद्रकुमार साहू ने देवांगन समाज को बहुत ही मेहनती समाज कहा। समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए उन्होने आवहान किया। इसके साथ ही शिक्षा और संस्कृति पर जोर देते हुए समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समाज के 80 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया।



